भारतीय कुण्डली विज्ञान

मीठालाल हिंमतराम ओझा

भारतीय-कुण्डली-विज्ञान

कुण्डली विज्ञान पर प्राचीनतम प्रामाणिक हिन्दी ज्योतिषशास्त्र

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय-वाराणसी, बड़ौदा विश्वविद्यालय बड़ौदा, हिन्दी विश्वविद्यालय-प्रयाग, लालबहादुर संस्कृत विद्यापीठ दिल्ली, भारतीय विद्या भवन-बम्बई, त्रिभुवन विश्वविद्यालय-काठमांडु नेपाल, प्रभृति शिक्षा संस्थाओं की आचार्यादि परीक्षाओं के लिए स्वीकृत

लेखक

स्व० (श्री) मीठालाल हिंमतराम ओझा

सिद्धान्त एवं फलित ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न गणकरत्न, पुराणतीर्थ, काव्यतीर्थ, ज्योतिषतीर्थ (सम्मान में) पोस्टाचार्य (रीसर्च स्कालर) एम. ए.-संस्कृत

भू० पू० प्राध्यापक

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

संपादन :

दर्शन ओझा, देवर्षि प्रकाशन

डी० ३/४०, मीरघाट, वाराणसी

कुछ कहना है -

वर्षों से भारतीय वाङ्मय के विकास की परम्परा लुप्तप्राय: होती जा रही है। "विनाश्रया न शोभन्ते पण्डिता वनिता लता:" इस सूक्ति का प्रत्यक्ष स्वरूप सामने आने पर इसकी सत्यता का पूरा अनुभव भारत की वाग्देवता के वरद पुत्रों को होता गया । सहस्त्रों वर्षों की अवाध गति से प्रचलित वाङ्मय की परम्परा को भारतीय पराधीनता ने विछिन्न कर दिया।

उसी वाङ्मय के एक अंशभूत ज्यौतिष शास्त्र की भी यही दशा हुई। जिस समय संसार इस शास्त्र के प्रकाश से दूर था, उस समय भारत ने ही इनकी ज्योति को सर्वत्र प्रसारित किया था और तदुपरान्त आर्यभट्ट प्रभृति महाभिज्ञों ने उसी प्रसारित ज्योति को अपने अन्तस्तल में प्रतिबिम्बित करके चन्द्र के समान आह्लादक ज्ञान–ज्योत्सना को सर्वत्र फैलाया। आज से डेढ़ हजार वर्ष पहले इन्होंने 'भूचला' Aberration का सिद्धांत संसार के सामने स्थापित किया था। बड़े दु:ख की बात है कि आज उस अमूल्य निधि का रक्षण करके हम उसे आगे नहीं बढ़ा सके और पश्चिम का मुँह देखते रहे और "कालक्रमेण जगत: परिवर्तमाना चक्रारपक्तिरिव गच्छति भाष्यपक्ति:" से आश्वासन लेते रहे। परन्तु आज ऐसी बात नहीं है। देश स्वतंत्र हुआ है। इस शास्त्र के प्रति देशवासियों की सहानुभूति भी बढ़ती जा रही है। हमारे प्रांतीय शासन ने भी इस ओर दृष्टि डाली है और माननीय श्री सम्पूर्णानन्द जी इसे प्रगति की ओर ले जाने में पूरे प्रयत्नशील हैं। अत: आशा है कि हमारा प्रदेश पुन: अपनी प्रतिष्ठा प्राप्त करने में सफल होगा।

यह पुस्तक इसी दिशा में एक क्षुद्र प्रयास है। विदेश तो दूर रहा देश में भी एक स्थान से दूसरे स्थान की कुण्डली बनाने के लिये पूरे साधन उपलब्ध नहीं होते थे। किसी–किसी पंञ्चाग में देशान्तर मिल गया तो लग्न सारिणी नहीं मिली। इस तरह की अनेक बाधायें ज्यौतिषियों के सामने आती थी और वे उपयुक्त साधन के बिना स्थूलता का आश्रय लेते थे। अत: इस असुविधा को दूर करने के लिये जहाँ तक मानव का विस्तार है उस देश तक की लग्न सारिणियाँ इस ग्रन्थ में निहित हैं। तत्तस्थानीय स्पष्ट सूर्योदयास्त दिनमान एवं इष्टकाल साधन के नियम तथा उदाहरण देकर इस विषय को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। एक स्थान से दूसरे स्थान का स्पष्ट देशान्तर साधन का क्रम और उदाहरण भी दिये गये है। देशान्तर साधन की उपयुक्त रेखांश, अक्षांश स्टैंडर्ड तथा स्थानीय समय का अन्तर आदि सामग्री पर्याप्त

मात्रा में रखी गई है। समय–विवेचन भी पूर्णरूप से दिया गया है। जातक सम्बन्धी प्रत्येक गणित को सरल करने के लिये कोष्ठक तथा सारिणियाँ दी गई हैं, जिनके द्वारा सारा गणित बिना गुणा–भाग के स्वल्पकाल में सरलता से हो सकेगा। साथ ही इस विषय की पाश्चात्य पद्धति भी दिखलाई गयी है। इसके अतिरिक्त अनेक नवीन विषयों का संकलन कर इस ग्रन्थ को व्यवहार के लिये परमोपयोगी बनाने का भरसक प्रयास किया गया है।

इस ग्रन्थ के निर्माण में अनेक भारतीय पूर्वाधुनिक ग्रन्थों से तथा चेम्बर, राफेल्स प्रभृति पाश्चात्य विद्वानों के ग्रन्थों से सहायता ली गई है। इन महापुरुषों के अपरिमित उपकार के प्रति कृतज्ञता से नतशिर हूँ। मेरे प्रिय शिष्य श्री विष्णुप्रसाद पण्ड्या ज्योतिषाचार्य तथा श्री बिहारी लाल द्विवेदी ज्योतिषाचार्य ने मुद्रण सम्पादन में अथक परिश्रम किया है। लग्नादि सारिणी निर्माण में उपरोक्त दोनों विद्वान छात्रों ने तथा श्री सुरेन्द्र शंकर जोशी ज्यौतिषाचार्य बी०ए०, श्री सूर्य प्रसाद पुरोहित ज्यौतिष शास्त्री, श्री मुनीश्वर पाण्डेय ज्यौतिषशास्त्री, श्री चिन्तामणि मुरारी, श्री चतुर्भुज शिवलाल दवे आदि सुयोग्य प्रिय छात्रों ने जो सहयोग दिया है, उसके लिये मैं साभार हूँ और विश्वेश्वर से इनके अभ्युदय का प्रार्थी हूँ।

काशी राजकीय वेधशाला के संचालक श्रीयुत् शंभू दयाल सिंहल (Ph.D.) तथा श्री महावीर प्रसाद माथुर एस्ट्रोलोजर महाशय ने इस कार्य के उपयुक्त साधन देकर अनुगृहीत किया है। अतः यह सभी मेरे धन्यवादार्ह हैं।

मेरी चिरकाल से इस प्रकार का ग्रन्थ निर्माण करने की कामना थी। कई वर्ष पूर्व मैंने यह कार्यारम्भ कर दिया था। परन्तु समयाभाव के कारण उसे शीघ्रता से पूर्ण न कर सका। इसके लिये दुःख है।

भगवान की असीम अनुकम्पा से आज यह ग्रन्थ आप के सामने प्रस्तुत है। यह ग्रन्थ कैसा बना है, इसमें क्या गुण–दोष हैं, यह सब निर्णय विज्ञजन ही करेंगे।

मैं तो केवल इतने मात्र से आत्म–तुष्ट हूँ कि ज्ञान के जिस अपरिसीम मार्ग में, जो हजारों वर्षों से बनता चला आ रहा है, जिसमें अनेक महापुरुषों की तपस्या चरितार्थ हुई है, जिससे भारत का मुख उज्जवल हुआ है, उसी महान पथ में मुझ अकिंचन प्राणी की यह एक छोटी सी ईंट एक किनारे से लग रही है। यह क्या कम सौभाग्य की बात है ?

शारदोत्सव–

सं० २०११ **मीठालाल ओझा**

दृष्टिकोण

सभापति शर्मोपाध्यायः

एम० एल० सी० (प्रिंसिपल) बिरला संस्कृत कालेज, बनारस

निखिल देशानतिशयानस्यभारतस्य चिरायानेहः पर्यन्तं परतन्त्रताश्रृङ्खला–निगडिततया, अर्थेषु, जडविज्ञानेषु गवागोचरार्थप्रतिपादनशक्तिशालिमहर्षिप्रणीत–शास्त्रमूलकशाब्दप्रपञ्चेषु चोन्नतेरवनतेरेव साम्राज्यमासीत्। यद्यपि भाग्यवशाद्दैवबल–शालिन्या स्वतन्त्रतया विप्रकृष्टं नीतायामपि परतन्त्रताजातुधान्यां चम्पकपुष्प–वासितन्यायमनुसरन्तीपरतन्त्रताऽद्यापि भारतं तत्त्वातत्वावथारणसामर्थ्य– राहित्येन भ्रमयन्तीव दृश्यते। तथापि स्वतन्त्रतया दत्तबलं भारतं शनैश्शनैः,

"एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥"

इति प्रख्यातं प्राक्तनगौरवमानेतुं प्रयतेतेति सम्भाव्यते।

साम्प्रतं सर्वतोन्नतिमार्गो विवृत इवालोक्यते विहायैहिकामुष्मिकोन्नति सम्पादिका दैववान्देवीम्। न जाने साम्प्रतिकशिक्षासंचालकान्तःकरणेषु संस्कृतवाङ्मयोदासीन्यं किं हेतुकं पदमादधाति।

अयमिदानीं हर्षास्पदं यत् सम्प्रत्युत्तरप्रदेशमुख्यमन्त्रीपदमुद्वहन्तः प्राच्य-प्रतीच्यगणित–दर्शनयोर्विशेषज्ञतामलं कुर्वाणा गीर्वाणवाण्युद्धरणाय सततं यतमाना राजकीयानेकविधकृतिव्यापृता अपि संस्कृतवाचान्तद्विदुषांच सम्पूर्णानन्दविधानाय सम्पूर्णानन्दमहोदया एव मातृभूताया भारतीयभारत्यास्तनुजतल्लजा भवेयुः।

अस्तु, दैववाक्समुपासकैः वाक्कायमनःप्रयत्नात्तदुन्नतये न विरन्तव्यम्। भारतेन देशान्तरलिप्स्यमानोन्नतिस्तदैवसम्पादिता स्याद्यदा दैव्यावाचोऽत्र साम्राज्यं भवेत्।

पुरा, देशान्तरेषु ज्यौतिषश्शास्त्रप्रकाशो यदा नासीत् तदा भारतीय ज्यौतिषश्शास्त्रेणैव भूगोलखगोलयोः स्वरुपाणि ज्ञप्तिपथं नीतानि अतः सार्धसहस्रवर्षात् पूर्वम् ''आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, वराह, लल्ल, भास्कराचार्य, गणेश, कमलाकरभट्ट'' प्रभृतिमहानुभावैः ज्यौतिषशास्त्रज्योत्स्नया निखिलदेशान्तरं प्रकाशमयमकारि। अल्पोयांस्येव वर्षाण्यतीतानि। तदानी महामहोपाध्याय बापूदेव शास्त्रि, महामहोपाध्याय सुधाकर द्विवेदी प्रभृतिभिरमि नवनया विषया उपस्थाप्य

सर्वत्र प्राथिता:।

कुण्डलीनिर्माणे भारत एव दूरातिदूरदेशभेदेन पूर्णतया साधनानुपलम्भात् कस्मिंश्चित्पञ्चाङ्गे देशान्तरोपलब्धावपि सारिण्या: सरण्या अभावाच्च नानाविद्या–बाधा उपस्थिता आसन् ते ज्योतिर्विद: स्थूलताश्रयतयैव कुण्डली निर्ममु:। अतस्तत्कष्ट निराकरणाय यावद्देशर्यन्तं मानवानां निवसतिस्तावद्देशीयलग्नसारिणीनाम्, तत्तद्देशीय सूर्योदयास्तयो:, स्पष्टीकरणस्य, इष्टकालसाधनस्य, एकस्मात् स्थानादन्यस्थान–सम्बन्धिस्पष्टान्तरसाधनस्य च नियमा: प्रकाराश्च देशान्तरसाधनोपयुक्तरेखांशा अक्षांशा, सिद्वान्तसमय (Standard Time) स्थानीयसमयोरन्तरादि सामग्र्य: जातक सम्बन्धी प्रत्येक गणितस्य सरतलायै सारिण्य: कोष्ठकानि, एतद्विषयिका: पाश्चात्यपद्धतयोऽनेके नवीनविषयाश्च ज्योतिषाचार्येण श्रीमता मीठालाल शर्मणा निर्मिते “भारतीय कुण्डली विज्ञान” नामधेयेऽत्र ग्रन्थे ज्योतिषश्शास्त्राध्यायिनां तद्विदुषांचानायासती ज्ञानाय वर्णिता: सन्ति।

यावन्तो विषया अत्र प्रतिपादितास्तावतां ज्ञानं ग्रन्थान्तरान्न संभवेदिति मन्ये। एतत् ग्रन्थनिर्माणं ग्रन्थकर्तुरन्यातिशायि पाण्डित्यं प्रकाशयतीति वक्तुं शक्नुम:।

एतद्विदुष: महत: प्रयासस्य साफल्यन्तदैव स्यात् यदा ज्यौतिषश्शास्त्रविशेषज्ञा उपर्युक्तविषयजिज्ञासयश्च स्वस्वाभीष्टं साधयेयुरिति निवेश्यते:–

भारत राष्ट्रपति-चिकित्सक

पं० सत्यनारायण शास्त्री वैद्य

(भिषक् शिरोमणि, भू०पू० प्रिंसिपल)
आयुर्वेदिक कालेज, डीन ऑफ दि फेकल्टी
ऑफ आयुर्वेद तथा यूनिवर्सिटी प्रोफेसर
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

ज्योतिषशास्त्रविचक्षणभरणसद्रत्नेन भास्वत्त्विषा ।
मीठालाल पदाभिधेन विदुषा ज्योतिर्विदा निर्मितः ॥
ग्रन्थो लोकहिताय राजतितरामत्युत्तया साम्प्रत ।
मल्पज्ञाखिल भूसुरैकाहितकृत्सत्कुण्डली निर्मितौ ॥१॥
ज्योतिश्शास्त्रविशिष्ट पण्डितजनानामप्ययं सौकरं ।
नूनं सम्प्रविधास्यतीह रचने स्वल्पश्रमाघायकः ॥
स्तुत्योऽतोऽस्य श्रमस्त्विवति प्रयदति स्थालीपूलाकेक्षणा ।
दायस्त्याश्रमवासिवैद्यपदभाक् श्रीसत्यनारायणः ॥२॥

कुबेरनाथ शुक्ल

एम०ए० व्याकरणाचार्य
प्रिंसिपल राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, बनारस।

पं० मीठालाल कृत भारतीय कुण्डली विज्ञान नामक पुस्तक चार प्रकरणों में विभक्त है। फलित ज्यौतिष के ग्रन्थों का संग्रह कर उनमें प्रतिपादित लग्न, दशा, देशान्तरादि व्यवहारोपयोगी विषयों का उल्लेख सरल एवं स्पष्ट रूप में किया गया है। अनेक देश विदेशों के अक्षांश देशान्तर सारणी तथा लग्न सारणी आदि के द्वारा फलित ज्यौतिष विषयों का ज्ञान सरलता से हो जाया करे, इसके लिये ग्रन्थकर्ता का सफल प्रयास है और एतदर्थ वह ज्यौतिष प्रेमियों के धन्यवाद के पात्र हैं।

DR. MANGAL DEVA SHASTRI

M.A.D. Phill. (Oxon)

***Principal* (Retd.) Govt. Sanskrit College, Banaras.**

Bhartiya Kundali Vigyana. written by Shri Mithalal Ojha, is very useful and rather a unique book of its kind in Hindi.

Besides, it is a vivid testi mony of his practical and sound knowledge of Phalita Jyautisha.

कविकुल गुरु

साहित्याचार्य, साहित्यवाचस्पति

महामहोपाध्याय पं० नारायण शास्त्री खिस्ते

भूतपूर्व प्रिंसिपल, ग० संस्कृत कालेज, बनारस

श्रीयुत् पं० मीठालाल ओझा ज्यौतिषाचार्य जी का "भारतीय कुण्डली विज्ञान" नामक ग्रन्थ मैनें अच्छी तरह देखा है। यह ग्रन्थ अत्यन्त उपयोगी है।

इस एक ही ग्रन्थ का अच्छी तरह अभ्यास करने से पंञ्चाग प्रकरण से लेकर जन्मकुंडली, वर्षकुंडली, दशा, अन्तर्दशा आदि प्रकरणों का परिज्ञान हो सकता है।

विभिन्न सारणियाँ, भारत के विभिन्न प्रान्तों के अक्षांश, रेखांश तथा अन्तर आदि के समावेश से इस ग्रन्थ की उपयोगिता बढ़ गयी है।

मेरे विचार में हिन्दी में अभी तक इतना सुन्दर, बहुविषयपूर्ण दूसरा ग्रन्थ प्रकाशित नहीं हुआ है।

जन्मकुण्डली, वर्षकुण्डली आदि बनाने वाले ज्यौतिषी आदि इस ग्रन्थ की सहायता लेकर अपना कार्य करें तो वह बहुत शुद्ध और विश्वासार्ह हो सकेगा।

मै "भारतीय कुण्डली विज्ञान" की पूर्ण सफलता चाहता हूँ।

पं० रामव्यास पाण्डेय

ज्यौतिष विभागाध्यक्ष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

श्रीमत: पण्डित मीठालाल महोदयस्य परिच्छेद चतुष्टयात्मकं "भारतीय कुण्डली विज्ञान" नामकं पुस्तकं मयाऽवलोकितम्, तत्र च फलित ज्योतिषशास्त्रीयानेक विषय: राष्ट्रभाषया प्रकाशिता: सन्ति। एवमनेक देशीयाक्षांश देशान्तर सारिणी न्यासादिना प्राचीन परम्परया लग्नादि साधनं सौलभ्यञ्च प्रदर्शितम्। मन्ये यदनेन ज्योतिर्विदां छात्राणां च महानुपकारो भविष्यतीत्ययमनुष्य प्रचुर प्रचारं कामये येनास्मादपि विशिष्ट ग्रन्थोल्लेखन प्रकाशनयो सोत्साहो ग्रन्थलेखकोभवेदिति ।

पं० बलदेव मिश्र

के. पी. जायसवाल रिसर्च इन्स्टिट्यूट, पटना

पं० श्री मीठालाल ओझा ज्यौतिषाचार्य प्रोफेसर गवर्नमेन्ट संस्कृत कालेज बनारस का लिखा हुआ "भारतीय कुण्डली विज्ञान" नामक ग्रन्थ देखने को मिला। मुझे प्रथमत: प्रसन्नता इस बात से है कि संस्कृत के अधिकारी विद्वान ने हिन्दी भाषा में ज्योतिष के ग्रन्थ को लिखा। दूसरी प्रसन्नता इसलिये है कि लेखक ने पाश्चात्य पद्धति को अपनाया है सायन गणना की सुविधा दी है जो पुरानी रीति से भिन्न है। मैं चाहता था कि विद्वान लेखक इस पुस्तक की भूमिका में सायन गणना अथवा अयनांश संस्कृत सायन ग्रह तथा नवीन पद्धति अपनाने का पूरा विवरण देते। साथ ही जैसे चार भागों में यह पुस्तक लिखी गई है इसमें एक और पाँचवाँ भाग देकर फल कथन के सम्बन्ध में थोड़ा दिग्दर्शन कराते तो बहुत सुन्दर होता क्योंकि इस प्रकार शुद्ध सम्पन्न कुण्डली का फल ही तो लोगों के लिये अपेक्षित विषय है।

यद्यपि इस पुस्तक की कुछ रीति प्राचीन रीति से भिन्न है तथापि आधुनिक नवयुग में यह पुस्तक लोगों को प्रीतिप्रद होगी ऐसा मैं समझता हूँ।

मैं आशा करता हूँ कि उत्साही विद्वान् लेखक अपनी कृतियों से लोगों का उपकार करेंगे। इस पुस्तक में बहुत सी नई बातें हैं जो देखने से ही विदित हो सकती हैं।

पं० श्री सीताराम झा

प्र० अध्यापक संन्यासी संस्कृत कालेज, बनारस ।

ज्यौतिष शास्त्र में काल की ही विश्वोत्पत्ति स्थिति प्रलय कारक परमेश्वर कहा गया है, क्योंकि श्रुति और पुराण में परमेश्वर का जो लक्षण कहा गया है वह पूर्ण रूप से काल ही में घटता है, काल निराकार होता हुआ भी साकार है, निर्गुण होते हुए भी सगुण है। साकार, सगुण काल को ही समय कहते हैं। जिस काल में जैसा गुण रहता है, वह उसी प्रकार के गुणों से युक्त जन्तुओं का उत्पादन करता है। अतः यदि मनुष्य को किसी के जन्म समय का ठीक ज्ञान हो जाय तथा उसके गुणों (प्रकृति) का ज्ञान हो जाय तो उस मनुष्य के गुण (प्रकृति) को भी समझ सकता है।

हमारे भारतीय महर्षियों (ज्यौतिष शास्त्र प्रवर्तकों) ने आकाशस्थग्रह नक्षत्रों के आधार पर काल के समान गुणों का ज्ञान किया जो कालतन्त्र तथा (आकाशस्थ ज्यौतिष्पिण्ड के आधार से ज्ञान होने के कारण) ज्यौतिष शास्त्र कहलाता है।

इसलिये जन्म समय का जितना ही सूक्ष्म समय और ग्रह नक्षत्रों का जितनी ही सूक्ष्मता का ज्ञान होगा, उतनी ही उस मनुष्य की जीवन घटना का सूक्ष्म ज्ञान हो सकता है। इसीलिये कहा भी है—

यन्त्रैः स्पष्टतरोऽत्र जन्मसमयो वेद्योऽथ खेटाः स्फुटाः।।

पूर्व समय में ऐसा ही किया जाता था, जिससे मनुष्य को अपने जीवन की समस्त घटना ज्ञात हो जाती थी, तथा ज्यौतिष शास्त्र की प्रतिष्ठा विश्व में व्याप्त थी।

किन्तु सम्प्रति ज्यौतिषी लोग उस प्रकार स्पष्ट समय या ग्रह को नहीं जान कर अत्यन्त स्थूल समय और ग्रह के द्वारा जन्मपत्र बनाकर फलादेश करते हैं जो १० प्रतिशत भी सत्य नहीं होता है।

वास्तव में इसका कारण यह है कि साधारण ज्यौतिषियों को किसी के जन्म स्थान के स्पष्ट समय का या उस समय के स्थानीय स्पष्ट ग्रहों का ज्ञान ही नहीं रहता है। इसलिये वे कहीं के पंचांग से बिना देशान्तर संस्कारादि क्रिया के ही ग्रह और भाव बनाते हैं फिर उसमें सत्यता कैसे हो सकती है।

अत:—जन्मस्थानीय—सूक्ष्म समय तथा उस समय के स्पष्ट ग्रह और भावों तथा षड्वर्गों—दशा , अन्तर्दशाओं के सूक्ष्म भेदों को जानकर ही जन्मपत्र बनाना उचित है। जो कोई इन क्रियाओं को नहीं जानते वे जन्मपत्र बनाने और फल कहने के अधिकारी नहीं हैं।

बड़े ही हर्ष की बात है कि—जन्मपत्र लिखने में जितने विषयों की आवश्यकता होती है— उन सब विषयों के साधन उदाहरण सहित एक छोटी सी, "भारतीय कुण्डली विज्ञान" नामक पुस्तक में उनके सुयोग्य लेखक पं० श्री मीठालाल ओझा जी ज्यौ० आ० ने अत्यन्त सरलता से दिखलाया है जो कि साधारण गणित जानने वाला बालक भी जिस स्थान का, जिस समय का जन्मपत्र, वर्षपत्र आदि बनाना चाहेगा, किसी भी पंञ्चाग से बना सकेगा।

इस पुस्तक में विशेष प्रशंसनीय विषय यह है कि प्रत्येक विषयों की सारिणी अत्यन्त शुद्ध और सूक्ष्म मान से लिखी गई है। जिससे बिना गणित के भी अत्यन्त आसानी (शीघ्रता) से ही सब विषयों का ज्ञान हो सकता है।

वस्तुत: लग्नकुण्डली लिखने में उपयुक्त इस प्रकार की पुस्तक आज तक कोई भी प्रकाशित नहीं हुई है। हम आशा करते हैं कि इस पुस्तक से सकल साधारण जन उपकृत होंगे।

पं० श्री रामनिहोर द्विवेदी

ज्यौतिषाध्यापक मारवाड़ी संस्कृत कालेज, काशी

मैने पं० श्री मीठालाल ओझा कृत "भारतीय कुण्डली विज्ञान" को देखा इसमें पंञ्चाङ्ग ज्ञान से लेकर कुण्डली (जन्मपत्र) साधन की सभी सामग्री दी गई है। भारत के प्रधान सभी स्थानों का अक्षांश, देशान्तरादि तथा विदेश के भी कतिपय प्रधान नगरों का अक्षांशादि तथा स्पष्ट लग्नसारणी जिससे भाव साधन में लग्न की राशि, अंश, कला, विकलादि तक का ज्ञान बहुत ही अल्प समय में निकाल सकते हैं। थोड़ा भी ज्यौतिष का ज्ञान रखने वाले इस पुस्तक के अध्ययन से कुण्डली विज्ञान में पूर्ण प्रौढ़ता प्राप्त कर सकते हैं।

पं० श्री सरयू उपाध्याय

ज्यौतिषाध्यापक जी० टी० संस्कृत कालेज
गोवालिया टेंक, मुम्बई ७।

निरूपादान संभार मभित्तावेव तन्वते।
जगच्चित्रं नमस्तस्मै कलाश्लाध्याय शूलिने।।

भारतीय कुण्डली विज्ञान--

इस ग्रन्थ में कुशलता के साथ सरल सुसंस्कृत प्राञ्जल राष्ट्रभाषा द्वारा कुण्डली विषयक—प्राचीन—अर्वाचीन भारतीय उपकरणों का समावेश किया गया है।

आवश्यक विषयों का क्रम—सन्निवेश तथा अनावश्यक विस्तार का अभाव सम्पादन कला—वैशिष्ट्य को द्योतित करता है।

उपादेयता के सम्बन्ध में यह ग्रन्थ अज्ञों के लिये पठनीय, सुज्ञों के लिये स्पृहणीय, तज्ज्ञों के लिये संग्रहणीय और अतज्ज्ञों के लिये अवश्य दर्शनीय है।

इसी से यह ग्रन्थ जगत् में अपने वैचित्र्य का चित्रण करता हुआ अपने प्रौढ़ लेखक आचार्य पं० मीठालाल ओझा की कलम को सफल कर इस तरह लोकोपकारी कार्य के लिये उत्साहित किया करें यही ईश्वर से प्रार्थना है।

श्री पण्डित अवधविहारी त्रिपाठी

प्र० ज्योतिषाध्यापक, गवर्नमेन्ट संस्कृत कालेज, बनारस

श्रीमत: पं० मीठालाल ओझा महाशयस्य कमनीय कृति—स्वरूपं भाग चतुष्टयात्मकं देश—विदेशीयानेक विषय प्रकाराञ्चितं "भारतीय कुण्डली विज्ञान" नामकं पुस्तकमालोक्य कमप्यमन्दमानन्दमनुभवामि। ज्यौतिष शास्त्रस्य दुरवगमानां नियमानामति सरलतया प्रतिपादनेन फलादेश विघौ परैः प्रक्षिप्यमाण: काठिन्यकलंकपंक: सम्यक् प्रक्षालितोऽनेन। सरणिश्चैतस्य एवं सरसा समुल्लसति या बलादावर्जयति मानसमध्ययने फलित ज्यौतिषशास्त्रस्य। अस्य साहाय्येन ज्योतिर्विदां महनुपकारो भविष्यतोत्यत्र न संदेहावसर:। एतै: किल कारणै:

फलितशास्त्रसरस: नीलकण्ठी--बृहज्जातकादि सरितश्च सुगमसोपानतावचने न भवति मनागपि गन्धोऽत्युक्ते:। अहमतोऽध्यापकान् विद्यार्थिनश्च सादरं निवेदयामि यत्ते अस्माद् ग्रन्थरत्नात् पूर्णलाभप्राप्तये दत्तचित्ता भवन्तु। येन सुविज्ञो ग्रन्थ--लेखकोऽन्येषामप्यनेकेषामिदृशग्रन्थरत्नानां लेखन प्रकाशनाभ्यां ज्यौतिष शास्त्र विकाश प्रचारणे महतोत्साहेन तत्परो भवेदिति।

सदाचार ज्योतिष संध

अध्यक्ष

पण्डित भूषण श्री जनार्दन शास्त्री खुण्टे

ज्योतिषाचार्य, न्यायरत्न

श्री पं० मीठालाल जी ओझा ज्यौतिषाचार्य का भारतीय कुण्डली विज्ञान साद्यन्त देखा। इस वैज्ञानिक युग में आधिभौतिक साधनों द्वारा अमेरिका जैसे अन्य गोलार्ध का अति दूर का देश भी अति निकट सा जैसा हो जाने से ज्योतिष द्वारा भविष्य का शुभाशुभ जानने की इच्छा तथा भारतीय ज्योतिष के चमत्कार देखने की इच्छा, अमेरिका, यूरोप, अफ्रिका जैसे देशवासियों को होती है। यह मैं अनुभव से कहता हूँ। एतदर्थ दक्षिण अक्षांशादि आकाश की ग्रहस्थिति के अनुसार सोचकर गणित करना होता है। भारतीय प्राचीन गणित से आसानी से यह कार्य नहीं होने पाता। आसानी से वे सब कार्य होने के लिये एक ग्रन्थ की आवश्यकता थी, लेखक ने लग्नपत्रिका, वर्षफलादि, नित्योपयोगी कामों के लिये भारतीय सब प्रान्तों के गणित के साथ अति दूर तक के अमेरिका आदि देशों के लिये नित्योपयोगी आवश्यक लग्नपत्रिका, वर्षफलादि का गणित सारिणी--वगैरह देकर एक त्रुटि की पूर्णता करने का सफल प्रयत्न किया है।

इस ग्रन्थ को देखने से लेखक प्राचीन, नवीन, आधुनिक सब गणितों का वेत्ता, सिद्धांत तथा फलित का भी अच्छा विद्वान हो सकता है।

ज्योतिषियों के अति उपयोगी इस ग्रन्थ का संग्रह करके लेखक का उत्साह बढ़ाने से और भी अद्यतीन ग्रन्थरत्न लेखक द्वारा हम लोग प्राप्त कर सकेंगे ऐसी आशा है।

मैं श्री विश्वनाथ से पं० मीठालाल ओझा भारतीय कुण्डली विज्ञान के लेखक, के दीर्घायु के लिये तथा उन्नति के लिये प्रार्थना करता हूँ।

अग्निहोत्री गौरीशंकर कृष्णाराम व्यास

साहित्यरत्न ज्यौतिषाचार्य दैवज्ञभूषण (फलित), नडीआद (गुजरात)

''वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिः शास्त्रमकल्मषम्''

विश्वस्य ज्योतिज्यौतिषं भूतभविष्यद्वर्तमानकालिकातीन्द्रियपदार्थानां करामलकवत् आदर्श इव दर्शकं गणितफलितेति विभागद्वयेन विराजते। तत्र—गणितस्य दुर्ज्ञेयत्वं दुखगाहत्वञ्च नाबिदितं तद्विदां विदुषाम्। अतोऽत्र सुकुमार मतीनामपि दैवज्ञानां सुलभप्रवेशाय एवं विधस्य ग्रन्थस्यावश्यकता ह्यासीत्।

अद्य पौर्वात्य पाश्चात्य गणितपद्धति समन्वयं समाश्रित्य भाग चतुष्टयेनावगुम्फितं भारतीयकुण्डलीविज्ञानाभिधं रत्नाकराद्रत्नमिव ग्रन्थ रत्नं विविध गणित ग्रन्थान् आलोड्य आलोच्य हिन्दी भाषायां सोदाहरणं अनन्वायासेन तन्वायाम प्रवेशाय संपादयद्भिः श्रीमद्भिः मीठालाल महोदयैः संपादितम्।

विविध प्रान्तीय प्रधान नगराणां भारत बहिर्भूत देशानाञ्च अक्षांश रेखांश—लग्न सारिणी इष्टकालादि साधन प्रदर्शको विभाग विशेषोऽत्र सुवर्णे सौरभं संपादयति। समेषां ज्योतिर्विदामतीवोपकारकोऽयं ग्रन्थ इत्यतिरोहितं प्रेक्षावता। ग्रन्थमिमं विरच्य बहूपकृतं ज्यौतिषं जगदिति नास्ति शंकाकलंकावकाशः अध्ययने—अध्यापने जन्म पत्रिकादि निर्माण कर्मणि च सुज्ञा विज्ञा ज्योतिर्विदो महानुभावाः स्वीकृत्येमं ग्रन्थं सफलयिष्यन्ति प्रयत्नं ग्रन्थं कर्तुरित्याशसे।

जोषी गिरिजाशंकर हरिशंकर

ज्यौतिषाचार्य, ज्यौतिर्विद्भिभूषण, राजज्योतिषी, पंचांगकर्ता, अहमदाबाद

श्रीमान् वे.शा.सं. मीठालालजी ओझा,

वि. आपश्री ए वनावेलुं ''भारतीय कुण्डली विज्ञान'' में जोवुं तेमां आपे जे झीणवट साथे गणित विषयनुं संपादन कर्यु छे. तेमां घणोज परिश्रम लीधोछे अने आ पुस्तक ज्यौतिष शास्त्रना अभ्यासीओ माटे घणुज उपयोगी निवडधे, एवी मारी खात्री छे आवा शास्त्रीय विषयनो ग्रन्थ करवो ते बहुज परिश्रम अने समय मागोले छे. आपनुं पुस्तक सारी रीते उपयोगी थाय एबी मारों शुभेच्छा दर्शावुं छुं.

पं० श्री लक्ष्मीकान्त झा

ज्यौतिष गणित फलित आचार्य, का.ती. साहित्यरत्न
ज्यौतिष प्रधानाध्यापक श्री. वि. ठा. हिन्दू गुरुकुल, सूरत

"भारतीय कुण्डली विज्ञान" को देखकर मुझे विशेष आनन्द इसलिये हुआ कि प्राच्य प्रतीच्योभय सम्मेलन से विशाल ज्ञान मंथन द्वारा—दुरुह शास्त्र वारिधि से आधुनिकोपयोगी अमूल्य रत्न का आविष्कार हुआ है।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि साधारण पढ़ा लिखा भी केवल इसी एक ग्रन्थ को साङ्गोपाङ्ग समझकर पढ़ लेने से ज्यौतिष शास्त्र को सम्पूर्णतया लोकोपयोगी बनाने में समर्थ हो सकता है।

राष्ट्रभाषा में इस अभूतपूर्व ग्रन्थ को लिखकर समर्थ विद्वान् लेखक ज्यौतिषाचार्य पं० श्री मीठालाल जी ने राष्ट्र के साथ साथ समस्त ज्यौतिष जिज्ञासुओं के लिये बड़ा ही उपकार किया है।

इनकी लेखनी इसी प्रकार अनेक ग्रन्थरत्नों को लिखकर प्रकाशित करती रहे यही ईश प्रार्थना।

स्व० पं० मीठालाल हिम्मतराम ओझा

भूतल के मेरे ईश्वर, पूज्य पिता के पुनीत चरणों में

समर्पित

जिनके तपःपूत जीवनादर्श ने

मुझे सरस्वती की आराधना के लिये प्रस्तुत किया।

स्व.ज्योर्तिविद प.हिम्मतराम नन्दराम ओझा

पुज्य पिता जी

ना संक्षिप्तं न च बहु वृथा विस्तरं शास्त्रतत्त्वम्

"ग्रन्थकार का परिचय"

पण्डित श्री मीठालालजी ओझा का जन्म अपने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सनातन–धर्मी, धर्मशास्त्र मर्मज्ञ योगीजी के कुल में दिनांक १२ दिसम्बर, सन् १९१९ ई० तदनुसार शुभ मिति पौष कृष्ण पंचमी गुरुवार को इष्टकाल २१ घटी ० पल पर अश्लेषा नक्षत्र मेष लग्न में ग्राम–रोहीड़ा, जिला–सिरोही, राजस्थान में सहस्त्रौदीच्च ब्राम्हण परिवार में श्री पण्डित हिम्मतराम नन्दराम ओझाजी की धर्मपत्नी सौ० सुन्दरबाई के तृतीय पुत्र रत्न के रूप में हुआ था। आपके पिता श्री पं० हिम्मतरामजी देवी के परम उपासक एवं ज्योतिष शास्त्र तथा शुक्ल यजुर्वेद के लब्ध प्रतिष्ठ विद्वान थे। शास्त्रों के गम्भीर अध्ययन की परम्परा इस परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा जन्म–भूमि रोहीड़ा, ग्राम में हुई। तत्पश्चात् सम्पूर्ण अध्ययन पिता श्री के सानिध्य में बम्बई में हुआ। विद्या का व्यसन बाल्यकाल से ही रहा। ये स्वभाव से मृदु मिलनसार और परम दयालु प्रकृति के थे। अपने पुत्रवत् विद्यार्थियों को विद्या के अलावा अन्न, वस्त्र, धन और आवास इत्यादि की सभी समस्याओं का अपनी तरफ से ही निवारण करते थे।

शिक्षा– आपने राजकीय महाविद्यालय वाराणसी (अब वर्तमान समय में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय हो गया है) की प्रथमा परीक्षा १९३५ ई० में, मध्यमा १९३९ ई० में, शास्त्री परीक्षा १९४२ ई० में एवं आचार्य परीक्षा १९४५ ई० में उत्तीर्ण की। इन्टरमीडिएट एजुकेशन उत्तरप्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा १९५० ई० में पास की। आगरा विश्वविद्यालय से संस्कृत भाषा में एम०ए० की उपाधि १९५७ ई० में प्राप्त की। पोस्टाचार्य (रिसर्च स्कॉलर) १९४६ ई० में, ज्योतिषतीर्थ १९४१ ई० में, काव्यतीर्थ १९३९ ई०, पुराणतीर्थ १९४७ ई० एवं ज्योतिषरत्न १९४५ ई०। दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास की मध्यमा परीक्षा १९३६ ई० तथा राष्ट्रभाषा परीक्षा १९३७ ई. में पास की।

आपके गुरुजनों में पं० श्री मिकुदेव शास्त्री, श्री पं० राजपति शुक्ल, पं० श्री सरयू प्रसाद उपाध्याय, पं० श्री उमाकान्त झा महोदय थे। जो अपने समय के बम्बई में अच्छे विद्वानों की श्रेणी में आते थे। आप अपने समय के गोकुल दास

तेजपाल संस्कृत पाठशाला, अगस्त क्रान्ति मैदान, गोवालिया टैंक, ग्रांट रोड, बम्बई के मेधावी छात्रों में थे।

आपमें विद्याभ्यास एवं विद्या-दान की प्रवृत्ति बाल्यकाल से ही थी। जिस कक्षा में अध्ययन करते थे, उसी कक्षा का पाठ गुरुदेव से ग्रहण करके शाम को अपनी ही कक्षा के अन्य विद्यार्थियों को पुनः पढ़ाते थे।

विद्या-दान की इसी बलवती इच्छा ने इनको महानगरी से खींच कर विद्या-केन्द्र काशी में स्थिर किया, क्योंकि काशी सदा से विद्या व्यसनियों का प्रबलतम गढ़ मानी जाती है।

इसी कारण इन्होंने उदासीन संस्कृत विद्यालय, काशी में १९४० ई० से ४५ तक अध्यापन कार्य किया। तत्पश्चात् गोयनका संस्कृत महाविद्यालय, काशी में १९४५ ई० में ज्योतिष प्रधानाध्यापक के पद पर कार्य किया, फिर रायबहादुर हजारीमल सोहनलाल दुधवेवाला संस्कृत महाविद्यालय, रामापुरा, काशी में १९४६ से १९५० तक अध्यापन कार्य किया। जब यह संस्था बन्द हो गयी, तब मारवाड़ी संस्कृत कालेज, काशी में १९५० से १९५३ तक ज्योतिष शास्त्र, हिन्दी साहित्य एवं अन्य विषयों का अध्यापन कार्य किया। सन् १९५४ से राजकीय संस्कृत महाविद्यालय काशी में जो बाद में रूपान्तरित होकर वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, फिर रूपान्तरित होकर वर्तमान समय में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय हो गया, ज्योतिष विभाग में प्राध्यापक पद पर अपने जीवन के अन्तिम क्षण (ता० २९ जून १९७६ ई०) तक विद्या-दान करते हुए ही महाश्मशान तीर्थक्षेत्र काशी में मोक्ष पद को प्राप्त किया। अन्त समय तक आपने रुग्णावस्था में भी धैर्यपूर्वक नित्य के धार्मिक कृत्य व विद्या-दान का परित्याग नहीं किया।

(क) निबन्ध

१. अनाम

२. अनाम

३. अरिष्टविचार विचार :

४. ज्यौतिषे भूगोल वर्णनम्

५. फलानुभवकालविचार—डॉ. आदित्यनाथ झा महोदयानामभिनन्दन ग्रन्थे प्रकाशित २—४—६९ ता०

६. सायनाचार्य—उषाकाल:
दै० गौरीशंकरकृष्णारामव्यासमहोदयानामभिनन्दनग्रन्थे नड़ियादनगरतः (गुजरात)

७. पंचांग तथा कुम्भपर्व विचार—सिद्धांत पत्रिका में प्रकाशित

८. वृष्टि विचार—सूर्योदय पत्रिका में

९. ज्योतिष के कर्णधार—दैनिक 'आज' में

१०. स्वतंत्रता सेनानी स्व० पारेश्वर भूरालाल ओझा का संक्षिप्त जीवन चरित्र

११. तिथिभास्करस्य प्रस्तावलेख—सरस्वती सुषमा में विशिष्ट टिप्पणी पूर्वक।

(ख) सम्पादित पुस्तकें

१. सिद्धांतचूड़ामणि— पंगनाथ विरचित

२. मंगीविभंगीकरणम्—पंगनाथ विरचित

३. लोहगोलखण्डनम्—पंगनाथ विरचित

४. लोहगोलसमर्थनम्—पंगनाथ विरचित

५. पलभागखण्डनम्—पंगनाथ विरचित

(ग) रचित एवं व्याख्यात पुस्तकें

१. सिंघलताजिकोक्तषोडशयोग: नृसिंहविरचित: प्रश्नसारश्च।

२. सिद्धांत सार्वभौम—मुनीश्वर विरचिता। विशेष टिप्पणी के साथ विवेचनात्मक सम्पादन सं०सं०वि०वि० का प्रकाशन।

३. सिद्धांतशिरोमणित—सिद्धान्ततत्वविवेक, वास्तवचन्द्रश्रृंगोन्नति आदि ग्रन्थों के कतिपय स्थल पर समालोचना।

४. गोलीयरेखागणितम्—व्याख्या सहित।

५. रेखागणितके ११—१२ अध्यायों की व्याख्या, उपपत्ति सहित।

६. सुगमज्यौतिष—देवदत्त जोशीकृत तृतीय संस्करण का संशोधन एवं सम्पादन।

७. ग्रहलाघवस्य पूर्वोधोपपति—डा० मुद्रित।

८. सवानन्दकरणस्य कतिपयस्थलानांमुपपतिः।

९. चाक्षुषोपनिषत्।
१०. हरिस्मरणम्–स्तोत्रसंग्रह।
११. धमक्रलोपयोगितिथिनिर्णय–कुम्भपर्वनिर्णयश्च
१२. भारतीयकुण्डलीविज्ञानम्।
१३. लक्ष्मीपूजापद्धति।
१४. बृहज्यौतिषसार–निर्देशन में सम्पादन
१५. भारतीय–कुण्डली–विज्ञान

फलित खण्ड–प्रकाशन की प्रतीक्षा में

(घ) प्राप्त पुरस्कार

आपको देश की विभिन्न संस्थाओं द्वारा समय–समय पर सम्मान दिया गया था, उनमें से कुछ–

१.ज्यौतिषरत्न– गोयनका संस्कृत महाविद्यालय, काशी।

२.गणकरत्न– अखिल भारतीय पंडित महापरिषद्, वाराणसी।

(ङ) संदेश

३.दैवज्ञ शिरोमणि– अहमदाबाद के श्रीमद्बल्लभ सम्प्रदायाचार्य द्वारा आपके असामयिक निधन से ज्योतिष जगत् की अपूरणीय क्षति हुई है। एक बार भी आपके सम्पर्क में जो व्यक्ति आया, वह अपने हृदय में आपके व्यक्तित्व के प्रति श्रद्धा से अवश्य ही नतमस्तक हुआ।

।। इति शुभम्।।

अनुक्रमणिका

भारतीय कुण्डली विज्ञान, भाग-१

पञ्चाङ्ग प्रकरण

कुण्डली विधान प्रकरण

१—इस श्लोक की टीका की प्रथम पंक्ति में नीच शब्द के स्थान पर लघु शब्द का प्रयोग करें।

**नोट : त्रुटि सुधार लें - भाग-२ का पेज नं० ३३ भाग-४ का है
भाग-४ का पेज नं० ३३ भाग-२ का है**

●●●●

॥ श्री ॥

भारतीय कुण्डली विज्ञान

भाग - १

मूल्य १८०-००

• श्रीः •

भारतीय कुण्डली विज्ञान

भाग-१

पञ्चांग प्रकरण

पञ्चांग

चतुरंगबलो राजा जगतीं वशमानयेत्।
अहं पंचांगबलवानाकाशं वशमानये।।

इस प्रकरण में केवल जन्मादि कुंडलियों के उपयुक्त सामग्री का विवेचन किया जायेगा। विस्तार के भय से विशेष विवेचन नहीं दिया गया है।

तिथिर्वासरनक्षत्रे योगः करणमेव च।
इति पञ्चाङ्गमाख्यातं व्रतपर्वनिदर्शकम्।।

पंचांग के तिथि, वार, नक्षत्र, योग तथा करण ये पांच अंग मुख्य होते हैं।

तिथि

तिथियां १५ होती हैं। जिनका नाम, प्रतिपद् १, द्वितीया २, तृतीया ३, चतुर्थी ४, पंचमी ५, षष्टी ६, सप्तमी ७, अष्टमी ८, नवमी ९, दशमी १०, एकादशी ११, द्वादशी १२, त्रयोदशी १३, चतुर्दशी १४, पूर्णिमा १५। शुक्लपक्ष की ये तिथियां हैं। और कृष्ण पक्ष में भी यही नाम रहता है। केवल अन्तिम तिथि का नाम अमावास्या रहता है। जिसका संकेत पञ्चांग में ३० से किया जाता है।

तिथि का क्षय तथा वृद्धि

सूर्योदय के बाद किसी तिथि का प्रारंभ हो तथा दूसरे सूर्योदय के पहले उसका अन्त हो जाये, उसे क्षयतिथि कहते हैं। जैसे आगे दिये हुए पञ्चाङ्ग में

श्रावणकृष्ण ६ शनि घ. १।२५ / ५४।४४ इस प्रकार है। यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये कि घ. १।२५ तक ६ तिथि है और उसके बाद अर्थात् घ. १।२५ के बाद घ. ५४।४४ तक सप्तमी उसी दिन रही। सप्तमी सूर्योदय से कितने समय तक रही इसका ज्ञान अभीष्ट हो तो उस दिन के दोनों १।२५ / ५४।४४ मानों का योग करने से घ. ५६।९ तक सप्तमी समाप्त होगी और उसके बाद उसी दिन अष्टमी का प्रारंभ घ. ५६।९ पर हुआ। अतः सप्तमी में सूर्योदय न होने के कारण सप्तमी क्षयतिथि हुई। वृद्धितिथि का उदाहरण पुस्तक में दिये हुए पञ्चाङ्ग में नहीं है। अतः कल्पना कर लिया गया है। जैसे तिथि का क्षय तथा वृद्धि होती है, वैसे ही नक्षत्र तथा योग का भी क्षय एवं वृद्धि होती है। पुस्तक में दिये हुए पञ्चाङ्ग में श्रावण कृष्ण १० मंगलवार के दिन भरणी ०।२१ / ५५।४७ है। इसका अर्थ हुआ कि उस दिन भरणी सूर्योदय से घ. ०।२१ तक रहेगी। और कृत्तिका दोनों ०।२१ / ५५।४७ मानों के योग ५६।८ तक रहेगी। इसके बाद रोहिणी का प्रारंभ उसी दिन हो जाता है। अतः कृत्तिका का क्षय माना जायेगा और नक्षत्र वृद्धि की कल्पना तिथि–वृद्धि की तरह मान लेनी चाहिये।

इसी प्रकार योग का क्षय नवमी सोमवार के दिन हुआ है। उस दिन धृति योग घ. ०।२ / ५३।५७ है। अतः शूलयोग का क्षय पूर्ववत् जानना चाहिए। नक्षत्र एवं योग का विवेचन आगे दिया गया है।

दो सूर्योदय में एक तिथि रहे तो वह तिथि वृद्धितिथि कहलाती है। जैसे सोम के सूर्योदय के समय प्रतिपदा तथा मंगल के सूर्योदय में भी यदि प्रतिपदा ही हो तो उसे वृद्धितिथि कहते हैं।

नक्षत्र

नक्षत्र २७ होते हैं। जिनके नाम तथा योनि इत्यादि कोष्ठक में दिये गये हैं। सत्ताईस के अतिरिक्त अभिजित् नाम का नक्षत्र एक और रहता है। वह उत्तराषाढा की अन्तिम १५ घटी तथा श्रवण के आरंभ की ४ घटी के योग १९ घटी भोग का माना जाता है।

योग

योग २७ होते हैं। जिनका नाम नीचे दिया गया है—

१ विष्कुंभ	२ प्रीति	३ आयुष्मान्	४ सौभाग्य
५ शोभन	६ अतिगण्ड	७ सुकर्मा	८ धृति
९ शूल	१० गंड	११ वृद्धि	१२ ध्रुव

१३ व्याघात	१४ हर्षण	१५ वज्र	१६ सिद्धि
१७ व्यतिपात	१८ वरीयान्	१९ परिघ	२० शिव
२१ सिद्ध	२२ साध्य	२३ शुभ	२४ शुक्ल
२५ ब्रह्म	२६ ऐन्द्र	२७ वैधृति	

करण

एक तिथि में दो करण रहते हैं। करण चर तथा स्थिर दो प्रकार के होते हैं। चर करण सात हैं—बव १, वालव २, कौलव ३, तैतिल ४, गर ५, वणिज ६, विष्टि ७। इनका प्रारंभ शुक्ल प्रतिपदा के उत्तरार्द्ध से होता है। और एक मास में इनकी ८ आवृत्तियां होती हैं। शकुनी, चतुष्पाद, नाग तथा किंस्तुध्न ये चार स्थिर करण हैं। इनका प्रारंभ कृष्णपक्ष की १४ के उत्तरार्ध से होता है। अर्थात् चतुर्दशी के उत्तरार्ध में शकुनी, अमावास्या के पूर्वार्ध में चतुष्पाद, उत्तरार्ध में नाग तथा शुक्लपक्ष की प्रतिपदा के पूर्वार्ध में किंस्तुध्न करण सदा नियत रहते हैं। अतः इनकी स्थिर संज्ञा है।

करण जानने के लिये कोष्टक

	तिथि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	३०
शुक्लपक्ष	पूर्वार्ध	किं.	वा.	तै.	व.	व.	कौ.	ग.	वि.	या.	तै.	व.	व.	कौ.	ग.	वि.	०
	उत्तरार्ध	व.	कौ.	ग.	वि.	वा.	तै.	व.	व.	कौ.	ग.	वि.	वा.	तै.	व.	व.	०
कृष्णपक्ष	पूर्वार्ध	वा.	तै.	व.	व.	कौ.	ग.	वि.	वा.	तै.	व.	व.	कौ.	ग.	वि.	०	च.
	उत्तरार्ध	कौ.	ग.	वि.	वा.	तै.	व.	व.	कौ.	ग.	वि.	वा.	तै.	व.	श.	०	ना.

भद्राविचार

इस कोष्टक में जहाँ जहाँ विष्टि शब्द आया है। उससे उस तिथि के निर्दिष्ट भाग को भद्रा कहते हैं। जैसे शुक्ल पक्ष में ४, ११ और कृष्णपक्ष में ३, १० तिथियों के उत्तरार्ध में भद्रा रहती है और शुक्ल पक्ष में ८, १५ कृष्ण पक्ष में ७, १४ तिथियों के पूर्वार्ध में भद्रा रहती है। चन्द्रस्पष्टीकरण में भयात भभोग साधन का जैसा क्रम दिखाया है, वैसे ही तिथि का मान भी निकाला जा सकता है। जैसे पुस्तक में दिये हुए पञ्चाङ्ग में कृष्णपक्ष की तृतीया के उत्तरार्ध में भद्रा रहती है। उसका प्रारंभ कब होगा ? उसे जानना है। अतः द्रितीया के मान

घ. १४।४ को ६० में घटाकर शेष घ. ४५।५६ को तृतीया के मान घ. १२।३१ में जोड़ने से तृतीया का भोगकाल घ. ५८।२७ हुआ। इसके आधे घ. २९। १३।३० को द्वितीया के मान घ. १४।४ में जोड़ने से तृतीया का उत्तरार्ध घ. ४३।१७ के बाद प्रारंभ होता है। और उसी समय से भद्रा प्रारंभ होकर तृतीया की समाप्ति पर्यन्त रहेगी। इसी प्रकार अन्य भद्राओं को भी समझना चाहिए।

राशि

मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुंभ, मीन ये १२ राशियाँ होती हैं। प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण होते हैं। वैसे ९ चरणों की एक राशि मानी जाती है। तद्नुसार कोष्टक में निर्देश किया गया है।

जन्मनाम का विचार

नक्षत्र के चरणों के अक्षर कोष्ठक में दिये गये हैं। जातक का जन्म, नक्षत्र के जिस चरण में हो उस चरण का अक्षर जातक के नाम का प्रथम अक्षर मानकर नाम रखा जाता है। नक्षत्र के चरण का विचार चन्द्रस्पष्टीकरण में दिये गये भयात भभोग पर से समझना चाहिये। भभोग के चार भाग करने से एक चरण का मान होगा। उस पर से जन्म समय के नक्षत्र के चरण का ज्ञान हो जायेगा। भयात में भभोग का चतुर्थांश जितनी बार घट जाये उतने चरण व्यतीत हुए। शेष से वर्तमान चरण समझना चाहिए। यथा प्रकृत उदाहरण में मृगशिर भोग घ. ५६।२० है। भयात घ. २५।४५ इसमें भभोग घ. ५६।२० का चतुर्थांश घ. १४।५ एक बार घटा। अतः मृगशिर नक्षत्र के दूसरे चरण में जन्म हुआ। मृगशिर नक्षत्र के दूसरे चरण का अक्षर 'वो' आता है। अतः जन्मनाम 'वो' अक्षर पर रखना चाहिये।

यदि किसी के जन्मनक्षत्रानुसार नाम का आदि अक्षर ङ, ञ, ण आता हो तो उनके स्थान पर क्रमशः ग, ज, ड अक्षर मानकर नाम रखना चाहिये। जैसे आर्द्रा नक्षत्र के तृतीय चरण में ङ अक्षर आता है। अतः आर्द्रा के तृतीय चरण में जन्म लेने वाले का नाम गणेश रखा जा सकता है।

जन्म नक्षत्र के अनुसार योनि गणादि का कोष्टक

चरणानुसार नक्षत्र के अक्षर	नक्षत्र	योनि	गण	युंजा	नाडी	राशि	स्वामी
चु.चे.चो.ला.	अश्विनी	अश्व	देव	पूर्व	आद्य	मेष	मं.
ली.लू.ले.लो.	भरणी	गज	मनुष्य	पूर्व	मध्य	मेष	मं.
आ.इ.उ.ए.	कृत्तिका	मेष	राक्षस	पूर्व	अंत्य	मेष १ वृ.३	मं.१ शु.३
ओ.वा.वि.वु.	रोहिणी	सर्प	मनुष्य	पूर्व	अंत्य	वृषभ	शु.
वे.वो.का.की	मृगशीर्ष	सर्प	देव	पूर्व	मध्य	वृ.२ मिथुन २	शु.२ बु.२
कु.घ.ङ.छ.	आर्द्रा	श्वान	मनुष्य	मध्य	आद्य	मिथुन	बु.
के.को.हा.ही.	पुनर्वसु	मार्जार	देव	मध्य	आद्य	मि.३ क. १	बु. ३ चं. १
हु.हे.हो.डा.	पुष्य	मेष	देव	मध्य	मध्य	कर्क	चन्द्र
डी.डू.डे.डो.	आश्लेषा	मार्जार	राक्षस	मध्य	अंत्य	कर्क	चन्द्र
मा.मी.मु.मे.	मघा	मूषक	राक्षस	मध्य	अंत्य	सिंह	सूर्य
मो.टा.टी.टु.	पू. फा.	मूषक	मनुष्य	मध्य	मध्य	सिंह	सूर्य
टे.टो.पा.पी.	उ.फा.	गौ.	मनुष्य	मध्य	आद्य	सि. १ कन्या ३	सू. १ बु. ३
पू.ष.ण.ठ.	हस्त	महिषी	देव	मध्य	आद्य	कन्या	बु.
पे.पो.रा.री.	चित्रा	व्याघ्र	राक्षस	मध्य	मध्य	क. २ तुला २	बु. २ शु. २
रु.रे.रो.ता.	स्वाती	महिषी	देव	मध्य	अंत्य	तुला	शुक्र
ती.तू.ते.तो.	विशाखा	व्याघ्र	राक्षस	मध्य	अंत्य	तु.३ वृश्चिक १	शुक्र ३ मं. १
ना.नी.नू.ने.	अनुराधा	मृग	देव	मध्य	मध्य	वृश्चिक	मंगल
नो.या.यी.यु.	ज्येष्ठा	मृग	राक्षस	अंत्य	आद्य	वृश्चिक	मंगल
ये.यो.भा.भी.	मूल	श्वान	राक्षस	अंत्य	आद्य	धन	गुरु
भू.धा.फ.ठा.	पू. षा.	कपि	मनुष्य	अंत्य	मध्य	धन	गुरु
भे.जो.जा.जी.	उ. षा.	नकुल	मनुष्य	अंत्य	अंत्य	धन १ मकर ३	गुरु १ श. ३
जू.जे.जो.खा.	अभिजित	नकुल	मनुष्य	अंत्य	अंत्य		
खी.खू.खे.खा.	श्रवण	कपि	देव	अंत्य	अंत्य	मकर	शनि
गा.गी.गू.गे.	धनिष्ठा	सिंह	राक्षस	अंत्य	मध्य	म. २ कुं. २	शनि
गो.सा.सी.सू.	शतभिषा	अश्व	राक्षस	अंत्य	आद्य	कुंभ	शनि
से.सो.दा.दि.	पू. भा.	सिंह	मनुष्य	अंत्य	आद्य	कु. ३ मी. १	श. ३ गु. १
दु.थ.झ.ञ.	उ. भा.	गौ	मनुष्य	अंत्य	मध्य	मीन	गुरु
दे.दो.चा.ची.	रेवती	गज	देव	पूर्व	अंत्य	मीन	गुरु

मेषादि राशियों के वर्णादि के साथ घातचक्र

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुंभ	मीन
वर्ण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र
वश्य	चतुष्पद	चतुष्पद	मानव	जलचर कीट	चतुष्पद	मानव	मानव	कीट सरीसृप	मानव.१५ चतु. १५	चतु. १५ जल. १५	मनुष्य	जलचर
हंसक (तत्त्व)	अग्नि	भूमि	वायु	वारि	अग्नि	भूमि	वायु	वारि	अग्नि	भूमि	वायु	वारि
मास	कार्तिक	मार्ग	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
वार	रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	भौम	गुरु	शुक्र
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनु.	मूल	श्रवण	शतमिषा	रेवती	भरणी	रोहि.	आर्द्रा	आश्लेषा
योग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिध	व्याघात	धृति	शुभ	शुक्ल	व्यति.	वज्र	वैधृति	गंड	वज्र

मेषादि राशियों के वर्णादि के साथ घातचक्र

करण	बब	शकुनी	चतुष्पाद	नाग	बब	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनी	वणिज	विष्टि
प्रहर	१	४	३	१	१	१	४	१	१	४	३	४
पु. घा. चं.	१	५	९	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
स्त्री. घ. चं.	१	८	७	९	४	३	६	२	१०	११	५	१२
संज्ञा	चर	स्थिर	द्वि स्व.	चर	स्थिर	द्वि स्व.	चर	स्थिर	द्विस्व	चर	स्थिर	द्विस्व
पु. स्त्री	पुं.	स्त्री.	पुं	स्त्री	पुं.	स्त्री	पुं	स्त्री	पुं	स्त्री	पुं	स्त्री

वर्गाक्षर	अ	क	च	ट	त	प	य	श
वर्गस्वामी	गरुड	मार्जार	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेष

वर्गविचार

जन्म का अक्षर जिस अकारादि वर्ग में पड़े उस पर से उसका स्वामी समझना चाहिए। यदि च अक्षर पर जन्म नाम है तो वर्गस्वामी सिंह होगा। 'र' अक्षर पर नाम रहने से उसका स्वामी मृग होगा। इसी प्रकार अन्यत्र भी समझना चाहिए। अपने से पंचम का वैर होता है। यथा गरुड सर्प का, मार्जार मूषक का इत्यादि। और अपने से तीसरा सम होता है। यथा गरुड का सिंह सम हैं तथा चतुर्थ मित्र होता है। यथा गरुड का श्वान मित्र है।

संवत्सर[1]

जन्म कुंडली के प्रारंभ में संवत्सर का निर्देश रहता है। एक संवत्सर एक वर्ष का माना जाता है। संहिता के विद्वान् गुरु की मध्यम राशि के भोग काल को संवत्सर कहते हैं। यह काल भी एक वर्ष का माना जाता है। संवत्सर ६० रहते हैं। जिनका नामोल्लेख नीचे किया गया है–

१. प्रभव	१६. चित्रभानु	३१. हेमलंबी	४६. परिधावी
२. विभव	१७. सुभानु	३२. विलंबी	४७. प्रमादी
३. शुक्ल	१८. तारण	३३. विकारी	४८. आनंद
४. प्रमोद	१९. पार्थिव	३४. शार्वरी	४९. राक्षस
५. प्रजापति	२०. व्यय	३५. प्लव	५०. अनल
६. अंगिरा	२१. सर्वजित्	३६. शुभकृत्	५१. पिंगल
७. श्रीमुख	२२. सर्वधारी	३७. शोभकृत्	५२. काल
८. भाव	२३. विरोधी	३८. क्रोधी	५३. सिद्धार्थी
९. युव	२४. विकृति	३९. विश्वावसु	५४. रौद्र
१०. धाता	२५. खर	४०. पराभव	५५. दुर्मति
११. ईश्वर	२६. नंदन	४१. प्लवंग	५६. दुंदुभी
१२. बहुधान्य	२७. विजय	४२. कीलक	५७. रुधिरोद्गारी
१३. प्रमाथि	२८. जय	४३. सौम्य	५८. रक्ताक्षी
१४. विक्रम	२९. मन्मथ	४४. साधारण	५९. क्रोधन
१५. वृष	३० दुर्मुख	४५ विरोधकृत्	६०. क्षय

१. संवत्कालस्त्वङ्कयुतः कृत्वा शून्यरसैर्हृतः।
शेषः संवत्सरो ज्ञेयः प्रभवादिर्बुधैः क्रमात्।।

विक्रम संवत् में ९ जोड़कर ६० से भाग दें। शेष में एक जोड़ने पर प्रभवादि संवत्सर होगा।

यथा वर्तमान संवत् १९७६ में ९ जोडकर योग १९८५ में ६० का भाग देने से शेष ५ रहें। इनमें १ जोड़ने से प्रभवादि छठवाँ संवत्सर अङ्गिरा वर्तमान संवत्सर हुआ।

अयन

उत्तरायण तथा दक्षिणायन ये दो अयन होते हैं। मकरादि छः राशि में सूर्य उत्तरायण तथा कर्कादि छः राशि में सूर्य दक्षिणायन रहता है। अर्थात् मकरादि छः राशि उत्तरायण तथा कर्कादि छः राशि दक्षिणायन कहलाती है।

गोल

सूर्य के मेषादि छः राशि में रहने से उत्तर गोल एवं तुलादि छः राशि में रहने से दक्षिण गोल कहलाता है।

ऋतु

वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त तथा शिशिर ये छः ऋतुएँ हैं। मीनादि दो २ राशि की ऋतु मानी जाती है। यथा मीन, मेष = बसंत। वृषभ, मिथुन = ग्रीष्म। कर्क, सिंह = वर्षा। कन्या, तुला = शरद्। वृश्चिक, धन = हेमन्त। मकर, कुम्भ = शिशिर।

मास

मास दो प्रकार के व्यवहार में आते हैं। सौर तथा चान्द्र। उनमें चान्द्र मास ही विशेष प्रचलित हैं। सूर्य की एक राशि के भोग काल को सौर मास कहते हैं और अमावास्या से अमावास्या पर्यन्त के काल को चान्द्रमास कहते हैं। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फाल्गुन ये १२ चान्द्रमास प्रसिद्ध हैं। सौर मास बङ्गाल, पंजाब, नेपाल आदि में प्रचलित हैं। और उनकी गणना मेषादि संक्रान्ति से वैशाखादि १२ मास के रूप में होती है। यथा मेष संक्रान्ति वैशाख मास, वृषभ संक्रान्ति ज्येष्ठमास इत्यादि।

पक्ष

पक्ष दो हैं। शुक्ल तथा कृष्ण। विंध्योत्तर प्रदेश में तथा राजस्थान में

कृष्ण पहले तथा बाद में शुक्ल पक्ष रहता है। इनसे भिन्न देशों में पहले शुक्ल और तदनन्तर कृष्ण पक्ष रहता है। अतः कृष्ण पक्ष में दोनों विभाग वालों के मास भिन्न रहते हैं। कृष्ण पक्ष पहले मानने वालों का मासारम्भ पहले होता है और शुक्ल पक्ष पहले मानने वालों का मासारम्भ बाद में होता है।

शक, संवत्

भारत में विक्रम संवत् तथा शालीवाहन शक का विशेष प्रचार है। विक्रमादित्य राजा ने विक्रम संवत् का प्रारम्भ किया। और शालीवाहन ने शक का प्रारम्भ किया। इस समय संवत् २०११ तथा शक १८७६ है। शक से संवत् १३५ वर्ष पुराना है। व्यापारियों का संवत् दीपावली से प्रारम्भ होता है। दक्षिण भारत में प्रायः संवत् का प्रारम्भ कार्तिक से होता है और शेष भारत में प्रायः चैत्र से संवत् का प्रारम्भ होता है। शक का प्रारम्भ सर्वत्र चैत्र से ही होता है। एक वर्ष के सावन दिन ३६५।१५।३०।२२।३० ये हैं।

भारत में विदेशी खि्रष्टीय सन्, हिजरी सन्, एजदी जर्द इत्यादि अनेक शक प्रचलित हैं।

खि्रष्टीय सन्

ईशु खि्रष्ट के जन्म से यह सन् प्रारम्भ होता है। यह संवत् से ५७ वर्ष बाद तथा शक से ७८ वर्ष पहले प्रारम्भ हुआ था। इसका प्रथम मास जनवरी से आरंभ होता है। इसके मास तथा दिन इस प्रकार हैं।

जनवरी ३१	अप्रैल ३०	जुलाई ३१	अक्तूबर ३१
फरवरी २८	मई ३१	अगस्त ३१	नवम्बर ३०
मार्च ३१	जून ३०	सितंबर ३०	दिसंबर ३१

जिस वर्ष सन् की संख्या में ४ का पूरा भाग लग जाये उस वर्ष फरवरी के २९ दिन रहते हैं और उस वर्ष को लीप इयर कहते हैं।

हिजरी सन्

मुहम्मद पैगम्बर ईस्वी सन् ६२२ जुलाई ता० १५ के दिन मक्के से मदीना भाग गये थे। उस दिन से इस सन् का प्रारम्भ हुआ। इसका प्रारम्भ मोहर्रम मास की पहली तारीख से होता है। इनका वर्ष चांद्रमास का माना जाता है। अमावास्या के बाद जिस दिन प्रथम चन्द्र-दर्शन होता है। उस दिन को मास का प्रथम दिन माना जाता है। चन्द्र-दर्शन रात को होता है। अतः वार का प्रारम्भ रात को होता है। अर्थात् हमारी सोम की रात्रि उनकी भौम की रात्रि मानी जाती है। दिन का व्यवहार प्रथम चन्द्र द्वितीय चन्द्र इत्यादि रूप से अथवा तारीख के नाम से किया जाता है। तिथियों के न्यूनाधिक होने पर मास के दिन न्यूनाधिक होते हैं। इनका वर्ष ३५४ दिन का होता है। यह वर्ष चान्द्र दिन का होने के कारण हर तीसरे वर्ष इनका मोहर्रम हमारे मास से एक मास पहले होता है। इस तरह ३२ व ३३ वर्ष पर इनके सन् का एक अंक बढ़ता जाता है। इनके मासों के नाम हैं–

१. मोहर्रम	४. रबिलाखर	७. रज्जब	१०. सवाल
२. सफ्फर	५. जमादिलावर	८. सावान	११. जिल्काद
३. रबिलावल	६. जमादिलाखर	९. रमजान	१२. जिल्हेज

पारसी सन्

एजदी जर्द (पारसी सन्) का प्रारम्भ ईस्वी सन् ६३० के अनन्तर आरंभ हुआ। इनके मास ३० सावन दिन के रहते हैं। अतः सौर वर्ष से सम्बन्ध रखने के लिये प्रति वर्ष के अन्त में ५ दिन अधिक मानते हैं। उनको गाथा गंबर नाम से व्यवहार में लेते हैं। मासों के नाम हैं–

१. फरपर्दिन	४. तीर	७. मेहर	१०. दय
२. आदीबेस्त	५. अमरदाद	८. आबान	११. बहमन
३. खोरदाद	६. शेहरेवर	९. आजूर	१२. इस्पिदाद

राशियों के विदेशी भाषा में नाम

हिन्दी	अंग्रेजी	फारसी	अरबी	अंग्रेजी चिह्न
मेष	एरीस	बरे	हमल	♈
वृषभ	टॉर्स	गत्व	सौर	♉
मिथुन	जिमीनी	दोपेकर	बोबझ	♓
कर्क	कॅनसर	खरचंग	सरतान	♋
सिंह	लीओ	शीर	अशद	♌
कन्या	बीर्गो	खुशे	सोमबोल	♍
तुला	लीब्रा	त्राजु	मीजान	♎
वृश्चिक	स्कॉरपीओ	कझदुम	अकरब	♏
धनु	सॅगीटेरीस	कमान	कौश	♐
मकर	कॅपीकॉर्न	बोझ	जध्य	♑
कुंभ	एकवॉर्स	दुल	दलव	♒
मीन	पीसीस	माही	हुत	♓

ग्रहों के विभिन्न भाषा में नाम

हिन्दी	अंग्रेजी चिह्न	अंग्रेजी नाम	फारसी	अरबी
सूर्य	☉	सन्	खोरशेद	शम्स
चन्द्र	☾	मुन	माह	कमर
मंगल	♂	मार्स	बेहराम	मरीक
बुध	☿	मरक्युरी	तीर	ओतारद
गुरु	♃	ज्युपीटर	अहुरमझद	मोशतरी
शुक्र	♀	वीनस	नाहीद	झोहरे
शनि	♄	सैटर्न	केयवान	झोहल
राहु	☊	मुन्सनॉड		
केतु	☋	मुन्सटेल		
वरुण	♆	नेपच्युन		
प्रजापति	♓	हर्शल		
प्लुटो	♇	प्लुटो		

दिनम्	श्रीसंवत् १९७६ शकः १८४१ श्रावण मास कृष्णपक्ष वर्षा ऋतु													सू.	इ.	पा.	फ.	सू. उ. घं.	मि.	सू. अ. घं.	मि.	चन्द्र	
३३ ४८	१	चं	१४	२३	उ	१५	२९	वि	३६	१७	कौ	१४	२३	३०	१४	१५	१	५	१४।	६	४५।।।		
४७	२	मं	१४	४	श्र	१६	५७	प्री	३६	१०	ग	१४	४	३१	१५	१६	२	५	१४।।	६	४५।।	कुं	४७।४३
४५	३	बु	१२	३१	ध	१७	११	आ	३२	३	वि	१२	३१	३२	१६	१७	३	५	१५	६	४५		
४३	४	गु	९	४५	श	१६	१७	सौ	२७	४	वा	९	४५	१	१७	१८	४	५	१५।	६	४४।।।	मी	५९।५३उ
४२	५	शु	६	२	पू	१४	२५	शो	२१	२०	तै	६	२	२	१८	१९	५	५	१५।।	६	४४।।		
४०	६	श	१ ५४	२५ ४४	उ	११	४१	अगं	१४	५५	व	१	२५	३	१९	२०	६	५	१६	६	४४		
३८	८	सु	५०	२२	रे	८	१८	सु	७	५५	बा	२३	१५	४	२०	२१	७	५	१६।	६	४३।।।	मे	८।१८उ
३६	९	चं	४४	१४	अ	४	२७	धृ	० ५२	५६ २७	तै	१७	१८	५	२१	२२	८	५	१६।।।	६	४३।		
३४	१०	मं	३७	५८	भ	० ५५	२१ ४७	गं	४५	२१	व	११	६	६	२२	२३	९	५	१७।	६	४२।।।	वृ	१४।१८उ
३१	११	बु	३१	५३	रो	५२	५	वृ	३७	४९	बब	४	५५	७	२३	२४	१०	५	१७।।।	६	४२।		
२९	१२	गु	२६	१	मृ	४८	२५	ध्रु	३०	३२	तै	२६	१	८	२४	२५	११	५	१८।	६	४१।।।	मि	२०।१५उ
२७	१३	शु	२०	४०	आ	४५	१६	व्या	२३	३५	व	२०	४०	९	२५	२६	१२	५	१८।।।	६	४१।		
२४	१४	श	१५	५७	पु	४२	५६	ह	१७	१४	श	१५	५७	१०	२६	२७	१३	५	१९।	६	४०।।।	क	२८।३१उ
२२ २२	३०	सू	१२	४	पु	४१	२३	व	११	३३	ना	१२	४	११	२७	२८	१४	५	१९।।।	६	४०।		

जुलाई १९१९

१५ पं० ८ रवौ मिश्रमानं ४७।२८

दिनमानम् ३३।३८

सू.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
३	२	३	३	४	४	७	१
३	१४	२८	४	१८	६	१०	१०
५९	५१	४८	५६	४	१७	२०	२०
५८	१६	३१	३९	५७	४१	२८	२८
५६	४०	३०	१३	४४	६	३	३
५८	२६	२२	५७	५२	५५	११	११

अस्त

शु.श.५ | ३ मं. | ६ | सू.४ बु. गु. | २ के. | ७ | १ चं. | रा.८ | १० | १२ | ९ | ११

अश्विनी आदि नक्षत्रों के चरणान्त में स्पष्ट चन्द्र

क्रम	नक्षत्र	१ चरण			२ चरण			३ चरण			४ चरण		
		रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.
१	अश्विनी	०	३	२०	०	६	४०	०	१०	०	०	१३	२०
२	भरणी	०	१६	४०	०	२०	०	०	२३	२०	०	२६	४०
३	कृतिका	१	०	०	१	३	२०	१	६	४०	१	१०	०
४	रोहिणी	१	१३	२०	१	१६	४०	१	२०	०	१	२३	२०
५	मृगशीर्ष	१	२६	४०	२	०	०	२	३	२०	२	६	४०
६	आर्द्रा	२	१०	०	२	१३	२०	२	१६	४०	२	२०	०
७	पुनर्वसु	२	२३	२०	२	२६	४०	३	०	०	३	३	२०
८	पुष्य	३	६	४०	३	१०	०	३	१३	२०	३	१६	४०
९	आश्लेषा	३	२०	०	३	२३	२०	३	२६	४०	४	०	०
१०	मघा	४	३	२०	४	६	४०	४	१०	०	४	१३	२०
११	पू. फा.	४	१६	४०	४	२०	०	४	२३	२०	४	२६	४०
१२	उ. फा.	५	०	०	५	३	२०	५	६	४०	५	१०	०
१३	हस्त	५	१३	२०	५	१६	४०	५	२०	०	५	२३	२०
१४	चित्रा	५	२६	४०	६	०	०	६	३	२०	६	६	४०
१५	स्वाति	६	१०	०	६	१३	२०	६	१६	४०	६	२०	०
१६	विशाखा	६	२३	२०	६	२६	४०	७	०	०	७	३	२०
१७	अनुराधा	७	६	४०	७	१०	०	७	१३	२०	७	१६	४०
१८	ज्येष्ठा	७	२०	०	७	२३	२०	७	२६	४०	८	०	०
१९	मूल	८	३	२०	८	६	४०	८	१०	०	८	१३	२०
२०	पू. षा.	८	१६	४०	८	२०	०	८	२३	२०	८	२६	४०
२१	उ. षा.	९	०	०	९	३	२०	९	६	४०	९	१०	०
२२	श्रवण	९	१३	२०	९	१६	४०	९	२०	०	९	२३	२०
२३	धनिष्ठा	९	२६	४०	१०	०	०	१०	३	२०	१०	६	४०
२४	शतभिषा	१०	१०	०	१०	१३	२०	१०	१६	४०	१०	२०	०
२५	पू. भा.	१०	२३	२०	१०	२६	४०	११	०	०	११	३	२०
२६	उ. भा.	११	६	४०	११	१०	०	११	१३	२०	११	१६	४०
२७	रेवती	११	२०	०	११	२३	२०	११	२६	४०	१२	०	०

कुण्डली विधान प्रकरण

अथ स्पष्टग्रहप्रयोजनम्

ज्योति:शास्त्रफलं पुराणगणकैरादेश इत्युच्यते ।
नूनं लग्नबलाश्रित: पुनरयं तत्स्पष्टखेटाश्रयम् ॥ १॥

पुराण के विद्वान् ज्योति: शास्त्र के फल को आदेश मानते हैं। यह आदेश स्पष्ट ग्रहों से संसाधित तथा सम्मिलित लग्न पर निर्भर है। अत: स्पष्ट ग्रह इस शास्त्र के मूलाधार हैं।

तत्रादौ चालनमाह

पंक्तिः स्वेष्टाद् भवेदग्रे पंक्त्यामिष्टं विशोधयेत् ।
तच्चालनमृणं ज्ञेयं व्यत्यये व्यत्ययं विदु: ।। २।।

पंचाङ्ग के स्पष्ट ग्रहों को पंक्ति कहते हैं। जन्म-समय से पंक्ति आगे हो तो पंक्ति के दिनादि (दिन, घटी, पल) में जन्म-समय के दिनादि घटाने से शेष ऋण चालन होगा और जन्म समय के दिनादि में पंक्ति के दिनादि घटाने से शेष धन चालन होगा।

वर्तमान समय में अधिकतर पञ्चांगों में दैनिक स्पष्ट ग्रह रहते हैं। ये सूर्योदय-कालिक या मिश्रमान (अर्ध रात्रि के आसन्न) कालिक होते हैं। जन्मकाल जिस दिन की पंक्ति के समीप हो उस दिन की पंक्ति इष्ट काल के ग्रहसाधन में ग्रहण करनी चाहिये। इष्ट काल में पंक्ति का काल घटाने से धनचालन और पंक्ति के काल में इष्ट काल घटाने से ऋणचालन होता है (जन्म समय से पंक्ति के समय तक के काल को चालन कहते हैं।) यदि पंक्ति के ग्रह साप्ताहिक वा पाक्षिक हैं, तो रव्यादि क्रम से पंक्ति के वार की संख्या तुल्य दिन होंगे। उदयकालिक पंक्ति के लिये यही दिनादि होगा। अन्यथा मिश्रमान के घटी पल, वार संख्या में जोड़ने से पंक्ति का दिनादि होगा। इसमें जन्म समय का दिनादि घटे तो ऋणचालन और जन्म के दिनादि में पंक्ति का दिनादि घटाने से धनचालन होगा।

उदाहरण:— श्रीसंवत् १९७६ शक १८४१ श्रावणमासे कृष्णपक्षे १२ तिथौ गुरुवासरे मध्याह्नसमये स्टॉ. टा. १६ अर्बुदारण्यस्थग्रामे श्रीमतां जन्म।

इष्टकालं साधन[१]

जन्मपत्रिका का गणित करने के पूर्व भारतीय परंपरा में इष्टकाल की प्रथम आवश्यकता पड़ती है। अत: इष्टकाल साधनक्रम प्रथम दिखाया जा रहा है। जन्म-स्थान का सूर्योदय एवं जिस नगर का पंञ्चाङ्ग है, वहाँ से जन्मस्थान तक के स्पष्ट देशान्तर का साधन दूसरे भाग में यथास्थान दिखाया जायेगा। यहाँ केवल सूर्योदय पर से इष्टकाल का साधन किया जायेगा।

सूर्योदय से लेकर जन्म समय तक के घटी पलात्मक समय को इष्टकाल कहते हैं। अत: सूर्योदय से लेकर जन्म समय तक के घण्टे मिनट को २।। से गुणने पर इष्टकाल बनता है। इसके साधन की सरलता के लिये नीचे लिखे कुछ विशेष नियम ध्यान में रखने चाहिये। सूर्योदय का समय स्टॉ. टा. में जान लेना चाहिये। क्योंकि आजकल घड़ियों में स्टॉन्डर्ड समय (रेल्वे) चलता है और लोग उसी समय का प्रयोग करते हैं।

(१) दिन में घं. १२।५९ तक में जन्म हो तो जन्म समय में सूर्योदय का समय घटायें।

१— इष्टकाल साधन एवं ग्रहस्पष्टीकरण के पूर्व इनसे सम्बन्धित परिभाषा जानना आवश्यक है। अत: उनकी परिभाषायें नीचे दी जाती हैं।

समय परिभाषा	राशि अंशादि परिभाषा
६० विपल = १ पल	१ राशि = ३० अंश
६० पल = १ घटी	१ अंश = ६० कला
६० घटी = १ दिन	१ कला = ६० विकला
२४ घंटे = १ दिन	१ विकला = ६० प्रतिविकला
२४ घंटे = ६० घटी	
१ घंटा = २।। घटी	
१ मिनिट = २।। पल	
१ सेकंड = २।। विपल	

यदि राशि स्थान में १२ से अधिक हो तो उसमें १२ घटाकर शेष को राशि समझें। १२ राशि का भगण होता है। उसका उपयोग व्यवहार में नहीं होता है।

(२) दिन के १ बजे से रात के घं. १२।५९ तक में जन्म हो तो जन्म समय में १२ घण्टे और रात के १ बजे से दूसरे दिन के सूर्योदय के पहले जन्म हो तो २४ घण्टे जोड़कर योग में सूर्योदय घटाकर शेष घण्टे मिनिट को २।। से गुणने पर इष्टकाल होगा। यहाँ सूर्योदय तथा जन्म-समय दोनों स्टॉ. टा. में हों अथवा स्थानीय (लोकल) समय के होने चाहिए।

उदाहरण:—हमारा जन्म समय मध्याह्न में स्टॉ. टा. १।६ है। अत: ऊपर लिखे (२) नियमानुसार

घं. १।६	घं.१३।६ ज. स.	घं ६।३६
+ घं १२	—घं. ६।३०सूर्योदय	× २।।
घं.१३।६	घं. ६।३६ शेष	घटी १६।३० इष्टकाल

यदि जन्म समय प्रात: ११।२० माना जाये तब (१) नियमानुसार—

११।२० ज. स.	घं ४।५०
—६।३० सू. उ.	× २।।
४।५० शेष	१२।५ इष्टकाल

यदि जन्म समय रात्रि ९।४५ माना जाये तब (१) नियमानुसार—

९।४५	२१।४५ज. स.	१५।१५
+१२। ०	— ६।३०सू. उ.	× २।।
२१।४५	१५।१५ शेष	३८।७।३० इष्टकाल

यदि जन्म समय रात्रि १।२५ माना जाये तो (२) नियमानुसार—

१।२५	२५।२५ज. स.	१८।५५
+२४। ०	— ६।३०सू. उ.	× २।।
२५।२५	१८।५५ शेष	४७।१७।३० इष्टकाल

अथ इष्टकालिकग्रहसाधनम्

गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नी खषड्हता।
लब्धमंशादिना शोध्यं योज्यं स्पष्टो भवेद्ग्रह:।।

पूर्वोक्त चालन को दैनिक ग्रहगति से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्ध फल अंश कला विकलादि होगा। चालन के दिनादि रहने से लब्ध फल अंशादि होगा। अन्यथा केवल घटी पल रहने से लब्ध फल कला, विकलादि रहेगा। इस लब्ध फल को ऋण चालन हो तो पंक्ति के ग्रह में घटाने से और धन चालन हो

तो जोड़ने से इष्ट काल का स्पष्टग्रह होता है। यह फल संस्कार का क्रम मार्गी ग्रह के लिए है। वक्री ग्रह तथा राहु केतु के लिए पूर्वोक्त फल संस्कार विपरीत करना चाहिये। अर्थात् धन चालन हो तो फल घटाने से तथा ऋण चालन हो तो फल जोड़ने से इष्ट काल के ग्रह स्पष्ट होंगे। राहु से केतु सदा ६ राशि के अन्तर पर रहता है। अत: स्पष्ट राहु में ६ राशि जोड़ने से केतु होता है। चन्द्रसाधन का प्रकार भिन्न है। वह आगे दिया जायेगा।

ग्रहस्पष्टीकरण

इसके लिये पहले चालन का साधन करना आवश्यक रहता है। जिसके साधन का प्रकार पहले दिया गया है। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि ग्रहसाधन के लिये इष्टकाल पंञ्चाङ्ग जिस नगर का है उसी नगर का लेना होगा। इसका विवेचन द्वितीय भाग में किया गया है। यदि पंञ्चाङ्ग जन्म स्थान का ही है, तब इष्टकाल में कोई संस्कार नहीं करना पड़ता। पंचाङ्ग एवं जन्म स्थान भिन्न-भिन्न स्थान के हों तो जन्म स्थान के इष्टकाल को पंचाङ्ग के नगर का (संस्कार द्वारा) बना लेना चाहिये। संस्कार का विवेचन भाग-२ में देखें। पूर्वदर्शित नियमानुसार चालन तथा स्पष्टग्रह साधन:—

चालनसाधन

१६।३० जन्म स्थान का इष्टकाल
+ १।२० काशी से जन्मस्थान का स्पष्ट देशान्तर
———
१७।५० काशी का इष्टकाल

५।१७।५० जन्मकाल के वारादि
—१।४७।२८ पंक्ति के वारादि
———
३।३०।२२ चालन दिनादि

अथ सूर्यसाधन

३।३०।२२ चालन
× ५६।५६ रविगति
———
१६८।१६८०।१२३२।
        १६८।१६८०।१२३२
———
१६८।१८४८।२९१२।१२३२
+ ३१
———
६०)१९९ (३
   १८०
   ———
   १९

१८४८
+ ४८
———
६०)१८९६(३१
   १८०
   ———
   ९६
   ६०
   ———
   ३६

२९१२
+ २०
———
६०) २९३२(४८
   २४०
   ———
   ५३२
   ४८०
   ———
   ५२

६०)१२३२(२०
   १२००
   ———
   ३२

लब्धफल अंशादि ३।१९।३६ यहां चौथा अंक ५२ है। यह ३० से अधिक होने से "अर्धाधिके रूपं ग्राह्यं" नियमानुसार १ अंक लेने से लब्धि ४८ के बदले ४९ लेनी चाहिये। तद्नुसार

लब्ध फल अंशादि ३।१९।३७ को चालन धन रहने से पंक्तिस्थ सूर्य में जोड़ा गया, तब स्पष्टसूर्य हुआ।

३।३।५९।५८ पंक्ति का सूर्य
\+ ३।१९।३७ धन चालन फल
३।७।१९।३५ स्पष्ट सूर्य

भौमस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन
× ४०।२६ भौमगति
१२०।१२००।८८०।
७८।७८०।५७२
१२०।१२७८।१६६०।५७२
२१
६०) १४१ (२
१२०
२१
२।२१।४६ चालनफल अंशादि

१२७८
\+ २८
६०)१३०६(२१
१२०
१०६
६०
४६

१६६०
\+ ९
३०)१६६९(२७
१२०
४६९
४२०
४९

६०)५७२(२०
५४०
३२

२।१४।५१।१४ पंक्तिस्थ मंगल
\+ २।२१।४६ चालन फल
२।१७।१३। ० स्पष्ट भौम

बुधस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन दिनादि
× ३०।२२ बुधगति
९०।९००।६६०।
६६।६६०।४८४
९०।९६६।१३२०।४८४
१६
६०) १०६ (१
६०
४६
१।४६।२८ अंशादि चालन फल

९६६
\+ २२
६०) ९८८(१६
६०
३८८
३६०
२८

१३२०
\+ ८
६०)१३२८(२२
१२०
१२८
१२०
८

६०) ४८४(८
४८०
४

३।२९।४८।३१ पंक्तिस्थ मंगल
\+ १।४६।२८ चालन फल
४। १।३४।५९ स्पष्ट बुध

गुरुस्पष्टीकरण

